वारदात | पुलिस आरोपियों की तलाश में लगातार संभावित स्थानों में दे रही दबिश

# पुरानी रंजिश पर युवक की गला रेत कर हत्या



**सिवनी, नवभारत।** शहर के अकबर वार्ड में बुधवार देर रात हुए सनसनीखेज हत्याकांड से क्षेत्र में दहशत फैल गई। 19 वर्षीय युवक अनुराग डेहरिया की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।

जानकारी के अनुसार अकबर वार्ड निवासी अनुराग डेहरिया पर देर रात कुछ युवकों ने हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विवाद के दौरान हमलावरों ने धारदार चाकू से अनुराग के गले पर वार किया। गंभीर चोट लगने और अत्यधिक रक्तस्राव होने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।

### पुरानी रंजिश बनी हत्या की वजह

पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला आपसी रंजिश से जुड़ा सामने आया है। बताया जा रहा है कि मृतक अनुराग का कुछ युवकों के साथ पहले विवाद हुआ था। इसी विवाद के चलते हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया।

कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि मामले में निखिल कुशवाहा, आर्यन धुर्वे और पीयूष रावल के नाम सामने आए हैं। फिलहाल तीनों आरोपी फरार हैं और उनकी तलाश लगातार जारी है। थाना प्रभारी के अनुसार पुरानी रंजिश के कारण इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया। पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

### एसपी कार्यालय पहुंचे परिजन

घटना के बाद गुरुवार दोपहर परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई करने की मांग उठाई। इस दौरान क्षेत्र के कई लोग भी उनके साथ मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने दिया जल्द गिरफ्तारी का भरोसा

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने कहा कि हत्या में शामिल कुछ लोगों की पहचान कर ली गई है। पुलिस की विशेष टीमें आरोपियों की तलाश में लगातार कार्रवाई कर रही हैं और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले की हर पहलू से गंभीरता के साथ जांच की जा रही है।

### एफएसएल टीम की सहायता से जुटाए जा रहे साक्ष्य

सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम की सहायता से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है।



# ब्रह्माकुमारी संस्थान में मनाया गया मातृ दिवस

**सिवनी।** ब्रह्माकुमारी संस्थान के बारापत्थर में स्थित दिव्य ज्योति धाम सेवा केंद्र पर डॉ पुष्पा टेकाम, डॉक्टर ज्योत्सना नावकर,बहन सविता गौतम, बहन गीता ठाकुर, बीके ज्योति दीदी के आतिथ्य में मातृ दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मात्र शक्तियों के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए डॉक्टर ज्योत्सना नावकर जी ने कहा कि जो स्त्री की रक्षा करता है वह युगों युगों तक हर किसी के दिल में अपना स्थान बना लेता है। रामायण का उदाहरण देते हुए कहा जब सीता माता अपने सम्मान की सुरक्षा के लिए चारों तरफ गुहार लगा रही थी तब एक मूक प्राणी गरुण ने आकर उनकी रक्षा की, अंतिम स्वास तक उनकी रक्षा के लिए लड़ते रहे, उनके इस संघर्ष की वजह से गरुण जी आज सभी के लिए सम्माननीय है। ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ने कहा मां सुखी परिवार की आधारशिला विषय पर बात करते हुए यह बताया कि ज्यादातर परिवार में सास बहू के झगड़े देखने को मिलते हैं ,सभी यही चाहती है कि हमारी बहू संस्कारी हो। इस झगड़े से निजात पाने के लिए हर मां को अपनी बेटी को संस्कार देना पड़ेगा, तब वह बेटी जब किसी के घर बहू बनकर जाएगी तब संस्कारी रहेगी।

डॉ पुष्पा टेकाम ने कहा मां अपने बच्चों में गर्भावस्था में ही अपनी सोच बोल और कर्म द्वारा संस्कार डाल सकती है ,यह संस्कार भरने का बहुमूल्य समय है। बहन सरिता गौतम ने कहा कि मां का पहला कर्तव्य है अपने बच्चों का हर वक्त साथ दे उन्हें भारतीय संस्कृति के अनुसार संस्कार दें। बीके ज्योति दीदी ने मात्र शक्तियों को यही संदेश दिया कि मां ही है जिसने दुनिया बनाई है मां जैसी दुनिया बनाना चाहे वह बना सकती है मां चाहे तो स्वर्ग बनाए चाहे तो नर्क बनाए क्योंकि बच्चा सबसे अधिक सीखने की उम्र में मा के साथ ही रहता है , लेकिन बच्चे को जो बोला जाता वह नहीं करता जो देखता है वह करता है इसलिए हम जैसे बच्चे चाहते है वैसे स्वयं को बनना होगा , सभी माताएं एक स्लोगन याद रखे कि जैसे कर्म हम करेंगे हमें देख बच्चे करेंगे। इस कार्यक्रम में शहर की माताओं बहनों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया मां और बच्चों के बीच एक दूसरे को कैसे मददगार बनना चाहिए नृत्य नाटक एवं अनेक एक्टिविटी के द्वारा सभी को प्रेरणा दी गई।

# गायत्री परिवार ने रेलवे स्टेशन पर किया प्याऊ का शुभारंभ



**सिवनी।** आज गायत्री परिवार केवलारी एवं कामधेनु गौशाला बगलई के संयुक्त तत्वावधान में केवलारी रेलवे स्टेशन पर नि:शुल्क वॉटर प्याऊ का भव्य शुभारंभ हुआ। इस पुनीत कार्य की शुरुआत परमपूज्य गुरूदेव, वंदनीय माता जी एवं गायत्री माता के स्मरण के साथ की गई।

रेलवे स्टाफ के वरिष्ठ अधिकारियों, स्थानीय स्टेशन मास्टर सहित समस्त स्टाफ, रेल यात्रियों एवं गायत्री परिवार के समर्पित स्वयंसेवकों ने एक-दूसरे एवं उपस्थित यात्रियों को शीतल जल पिलाकर इस सेवा का श्रीगणेश किया। गर्मी से बेहाल यात्रियों के चेहरों पर ठंडा पानी पीते ही मुस्कान लौट आई।

जिन यात्रियों के पास पानी की बोतल नहीं थी, उन्हें स्वयंसेवकों ने ऋ्ह के ठंडे जल से भरी बोतलें भेंट कीं। हमारे सेवा-योद्धा प्लेटफॉर्म पर ही नहीं रुके, ट्रेन के पास जाकर भी यात्रियों को जल पिलाया। इस दौरान *2 रेलगाड़ियों के यात्रियों को सेवा दी गई जिसमें लगभग 20 ऋ्ह केन पानी* का उपयोग हुआ। यात्रियों ने इस सेवा के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

इस सेवा-यज्ञ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्री सुरेन्द्र छोटू साहू जी, सहायक प्रबंध ट्रष्टि अमरचंद साहू एवं गौशाला के संरक्षक श्री सचिव जैन (पप्पू भैया) अध्यक्ष राजेश सिंह बघेल समस्त समिति, समस्त ट्रस्ट मंडल ने सभी स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ाया और अभिनंदन किया। इस अवसर पर रेलवे छिंदवाड़ा डिवीजन के अधिकारी, स्टेशन स्टाफ तथा गायत्री परिवार से श्री किशोर चौधरी, गणेश पंचेश्वर, जितेंद्र क्षीरसागर, श्री राजेश लोधी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।





# ललमटिया में मकान निर्माण के दौरान दीवार गिरने से महिला मजदूर की मौत

**छपारा, नवभारत।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रात्रि लगभग 11 बजे चीख पुकार से गुंज उठी एक अचानक हृदयविदारक घटना में पति ने पत्नी को बच्चों ने मां को और रिश्तेदारों ने अपने को खोने का शौक और ग़म व्याप्त था।

दरअसल लालमाटी वार्ड में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहाँ आवास योजना के तहत बन रहे एक मकान की दीवार गिरने से एक महिला मजदूर की मलबे में दबकर मौत हो गई।

### भीषण गर्मी के कारण रात में चल रहा था काम

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिन के समय अत्यधिक तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए रेत ढुलाई और निर्माण का कार्य रात्रि में किया जा रहा था। यह हादसा बुधवार 13 मई की रात्रि लगभग 9:30 बजे घटित हुआ।

### निर्माणाधीन दीवार बनी काल

नगर के संजय कॉलोनी वार्ड, जो एन एच 44 फोरलेन बायपास अंडरब्रिज के समीप स्थित है, वहाँ की निवासी 35 वर्षीय संगीता तेकाम (पति सुदेश तेकाम) मजदूरी का कार्य और मजदूरों के साथ कर रही थीं। कार्य के दौरान अचानक निर्माणाधीन दीवार का एक बड़ा हिस्सा महिला के ऊपर गिर गया। आनन-फानन में महिला को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने जाँच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को शासन से मदद की आस



### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

अगले दिन गुरुवार 14 मई को सुबह पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक महिला का परिवार आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर बताया जा रहा है। संगीता अपने पीछे चार छोटे बच्चे छोड़ गई हैं पति भी दिहाड़ी मजदूरी का कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करता है, जिसके कारण अब परिवार के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

### पुलिस की कार्यवाही जारी

घटना की सूचना मिलते ही छपारा पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया है। पुलिस द्वारा मामले की विस्तृत जाँच और विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

# सौरभ बने यादव महासभा कान्हीवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष



**सिवनी।** जिला यादव महासभा सिवनी द्वारा संगठन विस्तार एवं समाज हित में सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपने के क्रम में सौरभ गोलू यादव को कान्हीवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर समाजजनों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है।

जिला यादव महासभा के जिला अध्यक्ष अरुण यादव जी एवं जिले की कोर कमेटी ने सौरभ यादव की सामाजिक सक्रियता, संगठन के प्रति समर्पण एवं समाजहित में किए जा रहे कार्यों को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद समाज के लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ गोलू यादव ने जिला अध्यक्ष अरुण यादव जी एवं समस्त कोर कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित करना, युवाओं को समाजहित के कार्यों से जोड़ना तथा सामाजिक एकता को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

# सहकारिता विभाग में दैनिक वेतन भोगी भर्ती और लाभ का बड़ा खेला

**नवभारत, धारनाकला।** सहकारिता विभाग या समितियो मे दैनिक वेतन भोगी ,कर्म चारियो की नियुक्ति आमतौर पर किसी स्थायी रिक्त पद के बजाय अस्थायी आकस्मिक या मौसमी कार्य के लिये की जाती है और यह नियुक्ति बिना किसी नियमित भर्ती प्रक्रिया के आवश्यकतानुसार स्थानीय स्तर पर मैनेजिंग कमेटी द्वारा की जा सकती है किन्तु इसके लिये भी विधिवत विभागीय अनुमति की आवश्यकता होती है।

साथ ही नियुक्ति के समय ही स्पस्ट किया जाता है यह सेवा पूर्णत अस्थायी है और किसी भी समय समाप्त की जा सकती है किन्तु बरघाट विकास खंड के अन्तर्गत आने वाली सहकारी समितियो मे जिस तरह नियमो को ताक पर रखकर दैनिक वेतन भोगी भर्ती और लाभ का खेल चला है यह वास्तविक मे उच्च स्तरीय जांच का विषय है और ऐसा ही मामला सहकारी समिति धारनाकला से जुडा प्रकाश मे आया है जहा संचालक बोर्ड के प्रस्ताव पर दैनिक वेतन भोगी के रूप मे की गई भर्ती तथा अल्प समय ही नियमित कर्मचारी से जुडी सेवा और उसके लाभ से जुडा है जो अब छेत्र मे जन चर्चा का विषय बना हुआ है

### कागजी आदेशों में सिमटा यह खेल

उल्लेखनीय है की फर्जी नियुक्तियो से जुडा यह मामला आज का नही है अपितु इसके पूर्व भी कार्यालय उपायुक्त सहकारिता जिला सिवनी के द्वारा वर्ष 2020 मे जिला सिवनी मे बैक से संबद्ध साख समितियो मे फर्जी भर्तीयो के सम्बन्ध सहकारी समितियो को पत्र जारी हो चुके है जिसमे स्पस्ट रूप से शिकायय के आधार पर उल्लेख किया गया है सिवनी जिले मे कृषि साख समितियो मे सहकारिता विभाग के अधिकारियो / प्रबंधको द्वारा मिलीभगत करके लाखो रूपये लेकर फर्जी भर्तीया की गई है तथा कुछ समितियो मे समिति प्रबंधको द्वारा तथा रिश्ते दारो को भी सेवा नियमो के प्रावधानो के विपरीत फर्जी नियुक्तिया की गई है तथा कुछ समिति मे अपात्र प्रबंधक भी प्रबंधक के पद पर पदस्थ है

उपायुक्त सहकारिता सिवनी से जारी पत्र के स्मरण करे तो स्पस्ट उललेख है की आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाऐ मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा कृमाकं /साख / विधि / 33 /2010 /481 भोपाल दिनांक 26/02/2010 द्वारा कृषि साख समितियो मे कर्म चारी सेवा नियम लागू किये गये है लागू किये गये सेवा नियमो के अध्याय ट्व3 के नियम ट्व5 मे स्पस्ट प्रावधानित है की समिति वर्ष मे कम से कम एक बार कर्म चारियो की संख्या आवश्यक योग्यता और अनुभव इत्यादि की समीक्षा के साथ नियम 6 बी एवं सी के अन्तर्गत प्रबंधकीय लागत तथा स्थापना व्यय की समीक्षा की जायेगी एवं अध्याय 3 की कंडिका कृमाकं 14 नियुक्ति हेतु आकलित पदो का चयन मे प्रावधानित है की संस्था द्वारा आकंलित पदो पर स्थायी/ अस्थायी पदो पर अथवा संविदा आधार पर कर्म चारियो के चयन हेतू 3 सदस्यीय कमेटी गठित है जिसमे मुख्य कार्य पालन अधिकारी सचिव है संस्था को रिक्तियो को भरे जाने हेतू जानकारी चयन समिति के सचिव को दिये जाने पर सेवा नियमो के प्रावधानुसार रिक्तियो की भर्ती चयन समिति द्वारा की जानी थी इसी प्रकार सेवा नियमो के अध्याय 3 भर्ती की कंडिका मे योग्यता एवं एप्लीकेशन [ वाणिज्य स्नातक एवं सहकारी प्रबंधन मे डिप्लोमा/ डिग्री/ इन कंप्यूटर अनिवार्य है किन्तु संस्थाओ मे सेवा नियमो के विपरीत संस्था मे कर्मचारियो की गई तथा संस्था मे प्रबंधक पात्रता न रखने पर भी प्रबंधक के पद पर पदस्थ है ।




### क्या इन नियमों के तहत की गई भर्तियां

सहकारिता के सेवा नियमो पर ही जाये तो क्या सेवा नियमो के प्रावधानुसार समिति द्वारा वर्ष मे कम से कम एक बार कर्म चारियो की संख्या आवश्यक योग्यता अनुभव इत्यादि की समीक्षा की गई क्या सेवा नियम के अनुसार प्रबंधकीय लागत तथा स्थापना व्यय की समीक्षा आकंलित पदो पर स्थायी / अस्थायी पदो पर अथवा संविदा आधार पर कर्म चारियो के चयन हेतू 03 सदस्यीय कमेटी गठित है जिसमे मुख्य कार्य पालन अधिकारी सचिव है।

संस्था की रिक्तियो को भरे जाने हेतू जानकारी चयन समिति के सचिव को दी गई क्या लागू कर्म चारी सेवा नियमो के पश्चात संस्था मे पदस्थ कर्म चारी कार्यरत नाम पिता का नाम शैक्षणिक योग्यता तथा सेवा नियमो के लागू होने के बाद नियुक्ति कर्म चारियो को रखे जाने हेतू कमेटी का प्रस्ताव एवं आदेश किसके द्वारा जारी किये गये यह आदेश तो कार्यालय उपायुक्त सिवनी के तहत उल्लेखित है वही दूसरी तरफ बात करे भर्ती की तो संचालक बोर्ड के द्वारा जब भर्ती की गई तो भर्ती के सम्बन्ध मे निविदा अथवा इश्तेहार तक नही निकाला गया तथा रातो रात भर्ती हो गई किन्तु लम्बे समय से शिकायतो के बाद भी सम्बन्धित विभाग द्वारा अब तक कोई कार्रवाई सामने नही आई।

### प्रशासक की मेहरबानी के आधार पर लाभ

यहा यह भी उल्लेखनीय है की संचालक बोर्ड के भंग होने के पश्चात सहकारी समितियो का संचालन प्रशासक के हाथो मे है तथा जिले की एक नही अपितु दर्जनो सहकारी समिति का संचालन प्रशासक कर रहे है तथा किस दैनिक वेतन भोगी को लाभ पहूचाना है सैलरी बढाना है यह प्रशासक की मेहरबानी और कृपा पर निर्भर करता है और ऐसा ही कुछ सहकारी समिति धारनाकला मे देखने व सुनने मे आया है जहा एक दैनिक वेतन भोगी पर मेहरबानी करते हुऐ प्रशासक के द्वारा एक नही अपितु दो दो राशन दुकानो का प्रभार सौपने के साथ ही सैलरी मे भी अन्य दैनिक वेतन भोगी कर्म चारियो की अपेक्षा सैलरी बढा दी गई जब इस सम्बन्ध मे संस्था मे कार्यरत कर्म चारियो ने हो सैलरी बढाने की मांग की तो प्रशासक द्वारा लाभ से नवाजे गये कर्मचारी को नियमित बताया गया वैसे तो संस्था मे वर्तमान मे नौ कर्मचारी पदस्थ है जिनमे दो कर्मचारियो की नियुक्ति अनुकंपा नियुक्ति के तहत है किन्तु प्रशासक के अनुसार यह नियमित कर्म चारी की श्रेणी मे नही वही दैनिक वेतन भोगी के रूप भर्ती कर्मचारी आज नियमित की श्रेणी मे है और यह कोई एक समिति का मसला नही है अपितु दर्जनो समितियो मे नियमो को ताक पर रखकर खेल चल रहा है किन्तु इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता किसी को नही जबकि इसके पूर्व भी प्रशासक डी के डहेरिया की कार्य शैली जिले मे चर्चाओ मे रही है।

### इनका कहना है

इस सम्बन्ध मे जानकारी नही है शिकायत मिलने पर निस्पक्ष जांच और कार्यवाई की जायेगी

**राकेश पांडे**
**संयुक्त आयुक्त जबलपुर**

# मनीष अग्रवाल 'आर्ट ऑफ लिविंग अनसंग एवरी डे हीरोज अवॉर्ड' से सम्मानित

**नवभारत,जबलपुर/सिवनी।** संस्कारधानी जबलपुर के मानस भवन ऑडिटोरियम में 'द आर्ट ऑफ लिविंग' संस्था द्वारा आयोजित गरिमामयी समारोह में सिवनी के वरिष्ठ समाजसेवी एवं व्यवसायी श्री मनीष अग्रवाल को 'अनसंग एवरीडे हीरोज अवार्ड' से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें माननीय हाई कोर्ट जस्टिस श्री अजीत सिंह जी के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया।




### निस्वार्थ सेवा का प्रतिफल

समारोह के दौरान मंच से मनीष जी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा गया कि समाज में कई ऐसे व्यक्तित्व होते हैं जो प्रचार-प्रसार से दूर रहकर, शांत भाव से समाज सेवा और सकारात्मक परिवर्तन लाने में जुटे रहते हैं। गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी की प्रेरणा से शुरू किए गए इन पुरस्कारों का उद्देश्य ऐसे ही 'अनदेखे नायकों' को मंच प्रदान करना है।

### गुरुदेव के 70वें वर्ष के उपलक्ष्य में विशेष आयोजन

यह पुरस्कार 'द आर्ट ऑफ लिविंग' के सेवा कार्यों के 45 वर्ष और गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी के 70वें जन्म वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। मनीष अग्रवाल जी को यह अवार्ड 'व्यवसाय एवं परोपकार' की श्रेणी में उनके उत्कृष्ट योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव के लिए दिया गया है।


## कार्यालय नगर परिषद केवलारी जिला-सिवनी (म.प्र.)

पुलिस थाना के पास केवलारी जिला-सिवनी (म.प्र.) Email : cmokewlari@mpurban.gov

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2026_UAD_507041_1 Dtd.14/05/2026 NIT No. 211/PWD/2026 | Supply of Computer Samagri Item. | 02 दिन | 2,000/- 20,000/- | 30/05/2026 |
| 2026_UAD_507042_1 Dtd.14/05/2026 NIT No. 211/PWD/2026 | Supply of Statlonary Samagri Item. | 02 दिन | 2,000/- 20,000/- | 30/05/2026 |
| 2026_UAD_507043_1 Dtd.14/05/2026 NIT No. 211/PWD/2026 | Supply of Swakchhata Samargi Item. | 02 दिन | 2,000/- 20,000/- | 30/05/2026 |
| 2026_UAD_507044_1 Dtd.14/05/2026 NIT No. 211/PWD/2026 | Supply of Vidhut Samagri Item | 02 दिन | 2,000/- 20,000/- | 30/05/2026 |
| 2026_UAD_507046_1 Dtd.14/05/2026 NIT No. 211/PWD/2026 | Supply of Jalpraday Samagri Item. | 02 दिन | 2,000/- 20,000/- | 30/05/2026 |
| 2026_UAD_507281_1 Dtd.13/05/2026 NIT No. 213/PWD/2026 | Saptahik Bathaki Bazar Vasuli Tender | 10 माह 9,35,000/- | 2,000/- 1,20,000/- | 30/05/2026 |

शर्त-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद केवलारी**